बोचासणवासी श्री अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था
**सत्संग शिक्षण परीक्षा** ( पूर्व कसौटी - ६ जून, २०१० )

(समय : सुबह ९:०० से १२:००)

# सत्संग प्रारंभ

सूचना : प्रश्न के बाद में दिए गए अंक उसी प्रश्न के उत्तर के पृष्ठ क्रम बताते हैं । कुल गुण : १००

## विभाग - १ : घनश्याम चरित्र - तृतीय संस्करण, जनवरी - २००७

**प्र.१ निम्नलिखित कथन कौन, किसको और कब कहता है, यह लिखिए ।** [ ९ ]

१. ''आपका यह बालक तो भगवान हैं, मैं उनका सेवक हूँ ।'' (४)
२. ''दूध में अभी देर है, तुम जाकर अपनी ज़गह चुपचाप बैठ जाओ ।'' (१३) ३. ''बिना पूछे, किसीकी चीज़ कभी नहीं लेंगे ।'' (६९)

**प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** [ ४ ]

१. खांपा तलैया पर घनश्याम को किसने पट्टी बाँध दी ? (३९) २. खेत में चिड़ियों को देख कर घनश्याम ने क्या किया ? (२२)
३. खलासी ने अलग स्वतंत्र नाव के कितने दाम कहा ? (६१) ४. हरिकृष्ण नाम किस लिए रखा गया ? (७)

**प्र.३ निम्नलिखित गलत वाक्य को उसके विषय के अनुलक्ष्य में सही लिखिए ।** [ ४ ]

**सूचना :- संपूर्ण वाक्य सही लिखा होगा तो ही गुण प्राप्त होंगे । अन्यथा एक भी गुण प्राप्त नहीं होगा ।**

**उदाहरण : बन्दरों को मार :-** छपिया में घनश्याम कमरे में भोजन कर रहे थे तब एक बन्दर रोटियाँ झपट कर पेड़ पर जा बैठा ।
**उत्तर : बन्दरों को मार :-** **अयोध्या** में घनश्याम **बरामदे** में भोजन कर रहे थे तब एक बन्दर **पूड़ी** झपट कर पेड़ पर जा बैठा ।

१. **मछलियों को जीवित किया** : नारायण सरोवर के किनारे पर आम के वृक्ष के पास घनश्याम ने मछलियों को जीवित किया । (१९)
२. **मल्लों की पराजय** : जिस के पैर में सौ हाथियों का बल है, एसे केसरीसंग को घनश्याम ने हरा दिया । (३४)
३. **घनश्याम को जनेऊ दिया** : हरिप्रसाद उपाध्याय ने छपिया में घनश्याम के जनेऊ की विधि की । बाद में बलवंतमामा घनश्याम के पीछे दौड़े । (५७)
४. **सरयू के किनारे** : संवत् १८४९ की आषाढ़ शुक्ला दशमी के दिन कालीदत्त नामक असुर ने घनश्याम को सरयू नदी में धक्का दिया । (८१)

**प्र.४** 'रामदयाल को दर्शन ।' (५) - **प्रसंग के केवल पाँच मुख्य विधान लिखिए । ( लगातार विवरण आवश्यक नहीं है ।)** [ ५ ]

**प्र.५ निम्नलिखित विकल्पों में से केवल सही विकल्प के आगे दिए गए खाने में सही ( ✓ ) का निशान करें ।** [ ८ ]

**सूचना : एक या एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं । सभी सही विकल्प के आगे ही सही का निशान किया होगा तभी पूर्ण गुण दिए जायेंगे, अन्यथा एक भी गुण नहि दिया जाएगा ।**

१. नाई को चमत्कार । (१५)
(१) ☐ घर में से गुड़ मँगवाकर घनश्याम को दे दिया । (२) ☐ घनश्याम के शरीर में से तेज निकल ने लगा ।
(३) ☐ भक्तिमाता ने कहा, 'अमई को दर्शन दो ।' (४) ☐ धर्मपिता ने सबको बताशे बाँटे ।

२. सोलह चिह्न । (४०)
(१) ☐ राजा गुमानसिंह । (२) ☐ राजा रायदर्शनसिंह ।
(३) ☐ भगवान की मूर्ति ने घनश्याम को हार पहनाया । (४) ☐ घनश्याम ने इच्छाराम का वज़न बढ़ा दिया ।

३. अन्धे को आँखें दीं । (७३)
(१) ☐ महादेव का मन्दिर । (२) ☐ विद्याकुण्ड का मन्दिर । (३) ☐ देवीबक्ष । (४) ☐ व्रजविहारी ।

४. हज़ारों को जिमाया और अभिमान तोड़ा । (५०)
(१) ☐ संन्यासियों के मंडल में एक हज़ार साधु थे । (२) ☐ इस गाँव में सबसे बड़े सज्जन आप हैं ।
(३) ☐ त्यागी साधु को घमंड नहीं करना चाहिए । (४) ☐ हाथी अपनी सूँढ से खेमे को उखाड़ने लगा ।

**प्र.६ निम्नलिखित कथनों के बारे में कारण लिखिए । ( दो से तीन पंक्ति में )** [ ६ ]

१. घनश्याम ने मन ही मन घर छोड़कर चले जाने का निश्चय कर लिया । (८१)
२. अन्नकूट की आरती के समय में सबके आश्चर्य का पार न रहा । (७२)
३. मोहनदास बाबा समाधि में यमपुरी में पहुँचा । (५६)

## विभाग - २ : योगीजी महाराज - द्वितीय संस्करण, फरवरी - २००५

**प्र.७ निम्नलिखित कथन कौन, किसको और कब कहता है, यह लिखिए ।** [ ९ ]

१. ''दो बातें याद रखना ।'' (१३) २. ''मैं आप लोगों को ध्यान करना सिखला दूँगा ।'' (३)
३. ''आज्ञा के पालन में तुम्हारा कल्याण ।'' (३७)

**प्र.८ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** [ ४ ]

१. कौन सा प्रसंग स्वामिनारायण संप्रदाय में सुनहरे अक्षरों में अंकित हो गया ? (४१)
२. योगीजी महाराज बच्चों से कैसी धुन गवाते थे ? (४९)
३. शिक्षकों ने झीणाभाई को क्या होने को कहा ? (७)
४. दो युवक के हाथ पकड़कर योगीजी महाराज क्या कहते थे ? (३८)

( पृष्ठ पलटिये )

---

सत्संग शिक्षण परीक्षा कार्यालय - अहमदाबाद द्वारा किये गये पूर्व कसौटी के आयोजन में मैंने स्वयं कक्ष में (बैठक कक्ष में) उपस्थित रहकर ''**सत्संग प्रारंभ**'' परीक्षा दी है । निम्नलिखित बातें सही हैं, जो आपको विदित हो ।

परीक्षार्थी का जन्म दिन :- दिनांक ☐☐ महीना ☐☐ साल ☐☐☐☐

परीक्षा दिनांक और परीक्षा का समय :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

**सूचना : सिर्फ़ उपस्थित परीक्षार्थी भूले बिना इस उपस्थिति स्लीप को काटकर, सभी विगत भरकर केन्द्र व्यवस्थापक को वापस कर दें । सिर्फ़ कक्ष में ( बैठक कक्ष में ) उपस्थित परीक्षार्थी की उपस्थिति स्लीप इकट्ठा करके सत्संग शिक्षण परीक्षा कार्यालय - अहमदाबाद को जमा करा दे । ( अपूर्ण विवरणवाली उपस्थिति स्लीपें मान्य नहि होंगी ।)**

**प्र.९ निम्नलिखित विषय और सूचनानुसार छः सही क्रमांक और उस सही क्रमांक को घटनाक्रम के अनुसार लिखिए ।** [ ६ ]

**विषय : अँधेर खंड को उजाला दिया । ( ४६ )**

**१.** मुक्तराज हरमानभाई के समाधिस्थान पर चरणारविन्द स्थापित किए । **२.** सन् १९५३ में योगीजी महाराज पहली बार अफ्रीका गए । **३.** चार विद्वान सन्तों को सत्संग के प्रचार के लिए अमरीका भेजा । **४.** नैरोबी मन्दिर में मूर्तिप्रतिष्ठा की । **५.** तीसरी बार अफ्रीका जाने का निर्णय किया । **६.** ३८ दिनों में ८२ गाँवों में विचरण किया । **७.** कंपाला, जींजा और टरोरो के मन्दिरों में मूर्तिप्रतिष्ठा की । **८.** सन् १९७१ में तीसरी बार अफ्रीका पधारे । **९.** सन् १९६० में स्वामीश्री ने ८ देशों में विचरण किया । **१०.** मोम्बासा मन्दिर में मूर्तिप्रतिष्ठा की । **११.** लंडन में सन् १९७० में चार महीने ठहरे । **१२.** लंडन में पुलिस बैण्ड के साथ बड़ी धूमधाम से स्वागत यात्रा निकाली गई ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **( १ ) केवल सही क्रमांक** | | | | | | |
| **( २ ) यथार्थ घटनाक्रम** | | | | | | |

**सूचना : ( १ ) केवल सही क्रमांक के सभी छः उत्तर क्रमांक सही होंगे तो ही ३ गुण प्राप्त होंगे । ( २ ) यथार्थ घटनाक्रम भी सही होगा तो ही ३ गुण प्राप्त होंगे। अन्यथा एक भी गुण प्राप्त नहीं होगा ।**

**प्र.१०** 'सच्चा साधु' (२५) - **प्रसंग के बारे में १५ पंक्ति में टिप्पणी लिखिए । ( वर्णनात्मक )** [ ५ ]

**प्र.११ निम्नलिखित कथनों के बारे में कारण लिखिए । ( दो से तीन पंक्ति में )** [ ६ ]

१. भावनगर के हरिभक्त योगीजी महाराज के चरणों में गिर पड़े । (२०)
२. सद्‌गुरु कृष्णचरणदास स्वामी झीणाभाई से बहुत खुश हो गए । (९)
३. झीणा को देखकर खेत का मालिक कहता था कि यह बच्चा बहुत चमत्कारिक है । (२)

## विभाग - ३ : किशोर सत्संग प्रारंभ - प्रथम संस्करण, दिसम्बर - १९९५

**प्र.१२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** [ ४ ]

१. आत्मानन्द स्वामीने भोलानाथ को कैसा आशीर्वाद दिया था ? (२९)
२. भगुजी का नाम सुनते क्या हो जाता था ? (१९)
३. पूँजा डोडिया किस गाँव के थे ? (४२)
४. डुंगर भक्त कौन सा खेल खेलते थे ? (३९)

**प्र.१३ निम्नलिखित विकल्पों में से केवल सही विकल्प के आगे दिए गए खाने में सही ( ✓ ) का निशान करें ।** [ ८ ]

**सूचना : एक या एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं । सभी सही विकल्प के आगे ही सही का निशान किया होगा तभी पूर्ण गुण दिए जायेंगे, अन्यथा एक भी गुण नहि दिया जाएगा ।**

१. वीर भगुजी । (१८)
(१) ☐ घाव में विष्टा । (२) ☐ भडली के वजेसिंह ।
(३) ☐ मुझे भगवान स्वामिनारायण चाहिए । (४) ☐ स्वरूपानंद स्वामी से कहा, 'यदि यमराज आवें तो उन्हें मार भगाइयेगा ।'

२. विजापुर की वजीबा । (४९)
(१) ☐ रामानंद स्वामी विजापुर पधारे । (२) ☐ कहीं पागल तो नहीं हो गए हैं ?
(३) ☐ श्रीजीमहाराज विजापुर में ब्रह्मचारी के साथ पधारे । (४) ☐ तुम सच्ची भक्त हो ।

३. शास्त्रीजी महाराज । (३९)
(१) ☐ जन्म महुवा गाँव में हुआ था । (२) ☐ संवत् १९३९ की कार्तिक शुक्ला पंचमी को दीक्षा ली ।
(३) ☐ बोचासण, सारंगपुर, गोंडल, अहमदाबाद और गढ़डा में मन्दिर बनवाये । (४) ☐ सारंगपुर में अन्तर्धान हो गये ।

४. धुन । (२)
(१) ☐ रामायण लिखनेवाले व्यास ऋषि थे । (२) ☐ अजामिल के लड़के का नाम नारायण रखा ।
(३) ☐ स्वामी याने सहजानंद स्वामी । (४) ☐ ब्रह्म और परब्रह्म ।

**प्र.१४ निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।** [ ४ ]

१. संवत् १८४१ में .................. के दिन मूलजी शर्मा का जन्म हुआ । (२९)
२. श्रीजीमहाराज को दातून देने वाली मुसलमान बाई (बीबी) ................ गाँव की थी । (२६)
३. मन को दुरुस्त रखने के लिये हमेशा ................... में जाना चाहिए । (४७)
४. बड़ों को हमेशा .................... देना चाहिए । (४०)

**प्र.१५ निम्नलिखित कीर्तन / अष्टक / श्लोक की अपूर्ण पंक्तियों की पूर्ति कीजिए ।** [ ८ ]

१. चलुं करो लावुं ........ राजी थइने । (२४)
२. जाके नामजपादि ....... वंदौं तुम्हें प्रेम से । (१८)
३. प्रकट हरि ......... हृदय विहारी । (४)
४. मूलाक्षर ......... सहजानंद । (५२)

**प्र.१६** 'जैसे बरौनी आँख की......' (३४) - **'स्वामी की बात' पूर्ण कीजिए और इसके बारे में निरूपण कीजिए । ( प्रंदह पंक्तियाँ )** [ ५ ]

**प्र.१७** 'अखंडानन्द स्वामी ।' (१४) - **प्रसंग के केवल पाँच मुख्य विधान लिखिए । ( लगातार विवरण आवश्यक नहीं है ।)** [ ५ ]

❊ ❊ ❊

**सूचना : इस प्रश्नपत्र में से कम या ज्यादा मात्रा में प्रश्न दिनांक ४ जुलाई, २०१० के दिन होनेवाली मुख्य परीक्षा में पूछे जाएँगे । अभ्यास क्रम में सामिल पुस्तक की अंतिम संस्करण का ही उपयोग करें । मुख्य परीक्षा में उत्तरवही के ईलावा अतिरिक्त पनों में लिखे हुए उत्तर मान्य नहि होंगे ।**